राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट **दिनांकः 15.10.2024**

वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा–2022 में चयनोपरान्त 295 अभ्यर्थियों की अभिस्तावना निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को भिजवाई गई। विभाग द्वारा जांच के उपरान्त दस्तावेजों की कमी एवं आपराधिक प्रकरण संबंधी सूचना अपूर्ण होने के कारण कुल 45 फॉर्म (सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है) आक्षेपित कर आयोग कार्यालय को प्रेषित किए गए है।

उक्त सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी अपने नाम के सम्मुख उल्लेखित आक्षेप की पूर्ति निर्धारित दिनांक 25.10.2024 तक आयोग कार्यालय में व्यक्तिशः /डाक द्वारा आवश्यक रूप से जमा करवाकर करें, अन्यथा आयोग द्वारा किया गया अस्थाई चयन बिना किसी अन्य सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी स्वयं की होगी।

आक्षेपित सभी अभ्यर्थियों को उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर भी आक्षेपों की पूर्ति हेतु SMS किया जा रहा है।

नोटः– **जिन अभ्यर्थियों के अटेस्टेशन फॉर्म में यदि कोई कॉलम अपूर्ण एवं अस्पष्ट है तो पुनः नवीनतम अटेस्टेशन फॉर्म आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर पूर्णरूप से भरकर प्रस्तुत करें।**

(रामनिवास मेहता)
सचिव